अमर उजाला
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बरेली | बृहस्पतिवार, 15 अगस्त 2024 श्रावण शुक्ल-दशमी • विक्रम संवत-2081

PAGE NO 7 : TOP

फार्मेसी में पहले स्थान पर रहीं अंजलि राज्यपाल ने दिया स्वर्ण पदक

बरेली। श्रीराममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की छात्रा अंजलि इंडियन ने बैचलर ऑफ फार्मेसी परीक्षा में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में प्रथम स्थान हासिल किया है।

अंजलि। स्रोत : स्वयं

13 अगस्त को लखनऊ में आयोजित एकेटीयू के 22वें दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने उनको स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया। अंजलि ने 9.20 सीजीपीए के साथ विवि में प्रथम रैंक हासिल की है।

लखनऊ में आयोजित एकेटीयू के दीक्षांत समारोह में किया गया सम्मानित

उन्होंने सफलता का श्रेय शिक्षकों व अभिभावकों को दिया है। बताया कि रेलवे में ऑफिस सुपरिंटेंडेंट के पद से सेवानिवृत्त पिता अनिल चंद्रा ने उन्हें इंडियन सरनेम दिया।

एलआईसी में प्रशासनिक अधिकारी मां अंजू चंद्रा ने पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने में सहयोग किया। इस उपलब्धि पर ट्रस्ट अध्यक्ष देव मूर्ति, सचिव आदित्य मूर्ति, सीईटी के प्राचार्य डॉ. प्रभाकर गुप्ता, फार्मेसी की निदेशक डॉ. आरती गुप्ता व प्लेसमेंट सेल निदेशक डॉ. अनुज कुमार ने अंजली को शुभकामनाएं दीं। संवाद